# <u>आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर</u>

## स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना (SVS) 2026 -27

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के मेधावी विद्यार्थियों को देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों में अध्ययन करने के लिए वर्ष 2026-27 में कुल 700 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी जिसमें से विदेश के THE (Times Higher Education) रैंक (शीर्ष 1 से 50) वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों के लिए कुल 100 सीटों तथा NIRF (National Institutional Ranking Framework) रैंक (शीर्ष 1 से 50) वाले भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों** एवं 05 Streams (Medical, Management, Law, Agriculture and Allied Sectors, Architecture and Planning) के **NIRF रैंक के शीर्ष 1-10 संस्थानों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए 600 सीटों पर 'स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना 2026-27' के तहत प्रथम चरण में दिनांक 20.07.2026 से 05.08.2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।**

**इस हेतु अर्हता परीक्षा में विदेश के लिये न्यूनतम 75% अंक एवं देश के लिये न्यूनतम 65% अंक प्राप्त करने वाले राजस्थान के मूल निवासी विद्यार्थी अपनी सकल पारिवारिक औसत वार्षिक आय के आधार पर तीन श्रेणियों (E1 श्रेणी- औसत वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम, E2 श्रेणी- औसत वार्षिक आय 8 लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक तथा E3 श्रेणी- औसत वार्षिक आय 25 लाख रुपए से अधिक) में जनआधार आईडी/नामांकन संख्या के माध्यम से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की वेबसाईट** https://hte.rajasthan.gov.in/HTE/30992 **पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश, आवश्यक दस्तावेजों की सूची, योजना में सम्मिलित देश एवं विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों की सूची एवं प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के हेल्पलाइन नंबर 0141-2712918 पर संपर्क कर सकते हैं।**

आयुक्त

कॉलेज शिक्षा